भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. †1892
दिनांक 11.02.2026 को उत्तर देने के लिए

## आंध्र प्रदेश में एनएमईटी के अंतर्गत परियोजनाएँ

†1892. श्री पुट्टा महेश कुमारः
श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण एवं विकास ट्रस्ट (एनएमईटी) के अंतर्गत देश में, राज्यवार विशेषकर आंध्र प्रदेश में प्रस्तावित, विचाराधीन और वर्तमान में कार्यरत परियोजनाओं की सूची क्या है;
(ख) देश मे, विशेषकर आंध्र प्रदेश में एनएमईटी के अंतर्गत अन्वेषण या विकास परियोजनाओं में संलग्न निजी क्षेत्र की संस्थाओं/अभिकरणों की राज्यवार सूची क्या है;
(ग) एनएमईटी की स्थापना से लेकर अब तक देश में राज्यवार और विशेषकर आंध्र प्रदेश में आवंटित, स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई कुल निधि कितनी है;
(घ) क्या एनएमईटी के अंतर्गत महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों के अन्वेषण एवं विकास पर विशेष बल दिया गया है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

## उत्तर

कोयला और खान मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) राष्ट्रीय खनिज खोज एवं विकास न्यास (एनएमईडीटी) के अंतर्गत प्रस्तावित और कार्यशील परियोजनाओं का आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार विवरण अनुलग्नक 1 में दिया गया है।

(ख) एनएमईडीटी के अंतर्गत गवेषण परियोजनाओं में शामिल अधिसूचित निजी गवेषण एजेंसियों (एनपीईए) का आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार विवरण अनुलग्नक 2 में दिया गया है।

(ग) एनएमईडीटी की स्थापना के बाद से, इसके अंतर्गत आवंटित/स्वीकृत और उपयोग की गई कुल निधियों का आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार विवरण अनुलग्नक 3 में दिया गया है।

(घ) और (ङ) एनएमईडीटी, महत्वपूर्ण खनिजों और सामरिक खनिजों के गवेषण और विकास कार्यकलापों के लिए सहायता प्रदान करता है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i. राज्य डीजीएम/डीएमजी, अधिसूचित गवेषण एजेंसियों (एनईए), केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और अधिसूचित निजी गवेषण एजेंसियों (एनपीईए) द्वारा निष्पादित खनिज गवेषण परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण।

ii. मशीनरी/प्रयोगशाला उपकरणों आदि की खरीद के लिए राज्य डीजीएम/डीएमजी और केंद्र सरकार के संगठनों को वित्तीय सहायता।

iii. ब्लॉक को जी4 से जी3 में अद्यतन किए जाने या सफलतापूर्वक नीलाम किए जाने की स्थिति में, महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों की जी-4 गवेषण परियोजनाओं के लिए 25% गवेषण वित्तीय प्रोत्साहन।

*****

अनुलग्नक 1

एनएमईडीटी के अंतर्गत प्रस्तावित और कार्यशील परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण

| क्र.सं. | राज्य | प्रस्तावित परियोजनाओं की संख्या | कार्यशील परियोजनाओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1 | 5 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | - | 2 |
| 3 | असम | - | 12 |
| 4 | बिहार | - | 2 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2 | 16 |
| 6 | गुजरात | 1 | 43 |
| 7 | गोवा | - | 3 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | - | 1 |
| 9 | झारखंड | - | 14 |
| 10 | कर्नाटक | 1 | 13 |
| 11 | केरल | 1 | 5 |
| 12 | लद्दाख | - | 1 |
| 13 | मध्य प्रदेश | - | 32 |
| 14 | महाराष्ट्र | - | 18 |
| 15 | मणिपुर | - | 3 |
| 16 | मिजोरम | - | 3 |
| 17 | मेघालय | - | 3 |
| 18 | नागालैंड | - | 5 |
| 19 | ओडिशा | 2 | 20 |
| 20 | पंजाब | 1 | - |
| 21 | राजस्थान | 4 | 28 |
| 22 | सिक्किम | - | 1 |
| 23 | तमिलनाडु | - | 9 |
| 24 | तेलंगाना | 2 | 19 |
| 25 | त्रिपुरा | - | 1 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | - | 4 |
| 27 | उत्तराखंड | - | 7 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 1 | 3 |
| | कुल | 16 | 273 |

अनुलग्नक **2**

## एनएमईडीटी के अंतर्गत गवेषण परियोजनाओं में शामिल एनपीईए का राज्य-वार विवरण

| क्र.सं. | राज्य | एनपीईए |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | मैसर्स जियो मरीन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स क्रिटिकल मिनरल ट्रैकर्स<br>मैसर्स माइनिंग टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | मैसर्स कार्तिकेय एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 3. | छत्तीसगढ़ | मैसर्स यूनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स पीआरबी इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स भूशिल्प माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स जेमकोकाटी एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स कार्तिकेय एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 4. | गुजरात | मैसर्स जियोवेल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स जियो मरीन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स क्रिटिकल मिनरल ट्रैकर्स<br>मैसर्स पीआरबी इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स जेमकोकाटी एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स जियोएक्सपोर प्राइवेट लिमिटेड |
| 5. | झारखंड | मैसर्स नेचुरल रिसोर्सेज डिवीजन-टाटा स्टील लिमिटेड |
| 6. | कर्नाटक | मैसर्स जियोएक्सपोर प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स इकोमेन माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स क्रिटिकल मिनरल ट्रैकर्स<br>मैसर्स माइनिंग टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड<br>मैसर्स पीआरबी इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स कार्तिकेय एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 7. | केरल | मैसर्स जियो मरीन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 8. | मध्य प्रदेश | मैसर्स एमएमपीएल प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स एंजियोटेक कंसल्टेंट<br>मैसर्स वरदान एनवायरनेट एलएलपी<br>मैसर्स माइनिंग टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड<br>मैसर्स जेमकोकाटी एक्सप. प्राइवेट लिमिटेड |
| 9. | महाराष्ट्र | मैसर्स कार्तिकेय एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स एमएमपीएल प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स जियो मरीन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |

| | | |
|---|---|---|
| | | मैसर्स भूशिल्प माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स माइनिंग टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड<br>मैसर्स क्रिटिकल मिनरल ट्रैकर्स |
| 10. | मणिपुर | मैसर्स यूनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 11. | मेघालय | मैसर्स एमएमपीएल प्राइवेट लिमिटेड |
| 12. | ओडिशा | मैसर्स एमएमपीएल प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स नेचुरल रिसोर्सेज डिवीजन-टाटा स्टील लिमिटेड<br>मैसर्स अर्थेनवायरो लैब प्राइवेट लिमिटेड |
| 13. | राजस्थान | मैसर्स जियोएक्सपोर प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स माइनिंग टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड<br>मैसर्स हिंदमेटल एक्सप्लोरेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स यूनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स जेमकोकाटी एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स ओशन ड्रिलिंग एंड एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स वरदान एनवायरनेट एलएलपी |
| 14. | तमिलनाडु | मैसर्स जियो एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सॉल्यूशंस |
| 15. | तेलंगाना | मैसर्स एमएमपीएल प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स क्रिटिकल मिनरल ट्रैकर्स |
| 16. | उत्तर प्रदेश | मैसर्स जियोवेल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स जियोएक्सपोर प्राइवेट लिमिटेड |
| 17. | उत्तराखंड | मैसर्स जियोवेल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड<br>मैसर्स ओशन ड्रिलिंग एंड एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 18. | प. बंगाल | मैसर्स एमएमपीएल प्राइवेट लिमिटेड |

अनुलग्नक **3**

## आवंटित/स्वीकृत और उपयोग की गई एनएमईडीटी निधियों का राज्य-वार विवरण

*(आंकड़े करोड़ रुपये में)*

| क्र.सं. | राज्य | स्वीकृत राशि | वितरित/उपयोग की गई राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 66.67 | 30.15 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 8.45 | 2.40 |
| 3 | असम | 57.30 | 26.15 |
| 4 | बिहार | 0.67 | 0.63 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 96.41 | 51.42 |
| 6 | गोवा | 3.73 | 3.50 |
| 7 | गुजरात | 106.34 | 59.11 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 5.90 | 4.22 |
| 9 | झारखंड | 121.09 | 66.28 |
| 10 | कर्नाटक | 96.08 | 57.60 |
| 11 | केरल | 22.68 | 2.26 |
| 12 | लद्दाख | 4.19 | 2.53 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 192.23 | 103.68 |
| 14 | महाराष्ट्र | 96.37 | 46.34 |
| 15 | मणिपुर | 11.01 | 2.25 |
| 16 | मेघालय | 21.55 | 1.75 |
| 17 | मिजोरम | 5.46 | 2.97 |
| 18 | नागालैंड | 26.18 | 14.54 |
| 19 | ओडिशा | 185.97 | 91.57 |
| 20 | राजस्थान | 358.07 | 201.30 |
| 21 | सिक्किम | 6.64 | 3.49 |
| 22 | तमिलनाडु | 139.55 | 100.11 |
| 23 | तेलंगाना | 40.05 | 21.76 |
| 24 | त्रिपुरा | 0.37 | 0.15 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | 25.41 | 14.94 |
| 26 | उत्तराखंड | 23.30 | 8.83 |
| 27 | पश्चिम बंगाल | 7.44 | 2.65 |
| 28 | हिमाचल प्रदेश | 0.20 | 0.20 |
| 29 | पंजाब | 0.04 | 0.04 |
| | | | |
| कुल | | 1729.35 | 922.82 |